| |
|---|
| प्रेस नोट–226/2026 |
| दिनांक 25.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना गुडम्बा

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 01 लाख 10 हजार 200 रूपये नगद**
- **04 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध पिस्टल मय कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.04.2026 की रात्रि थाना गुडम्बा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर स्कार्पियो क्लब के पास जंगल से 03 अभियुक्तों 1–अदीबुरर्हमान उर्फ अदीब उर्फ अद्दू 2–जीशान उर्फ छोटू 3–रामजी राजाराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 01 लाख 10 हजार 200 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, 01 अवैध पिस्टल मय कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.04.2026 को थाना गुडम्बा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गुडम्बा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अदीबुरर्हमान उर्फ अदीब उर्फ अद्दू के विरूद्ध जनपद बाराबंकी, लखनऊ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग एवं अभियुक्त जीशान उर्फ छोटू के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गुडम्बा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अदीबुररहमान उर्फ अदीब उर्फ अद्दू निवासी ग्राम अनवारी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी।

2–जीशान उर्फ छोटू निवासी चंदाकोडर थाना बीकेटी कमिश्नरेट लखनऊ, हालपता ग्राम अनवारी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी।

3–रामजी राजाराम निवासी स्कूटर इंडिया, पीवीसीआर होटल के पास थाना सरोजनी नगर कमिश्नरेट लखनऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 01 लाख 10 हजार 200 रूपये नगद।

3–04 मोबाइल फोन।

4–01 अवैध पिस्टल मय कारतूस।

5–01 मोटर साइकिल आदि।

**<u>कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना कल्याणपुर</u>**

- **घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की पीली धातु के आभूषण**
- **पीली धातु के बिस्किट आदि बरामद**

दिनांक 25.04.2026 को थाना कल्याणपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगा इन्क्लेव के पीछे केसा मार्ग से अभियुक्त ईशु उर्फ आर्यन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट की पीली धातु के आभूषण, पीली धातु के बिस्किट आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.04.2026 को थाना कल्याणपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या सहित लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कल्याणपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कल्याणपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ईशु उर्फ आर्यन निवासी ग्राम खिरियनपुर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात, हालपता गणेश नगर नमक फैक्ट्री के पास थाना रावतपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—लूट की पीली धातु के आभूषण।

2—पीली धातु के बिस्किट आदि।

**जनपद एटा/थाना कोतवाली नगर**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 91 हजार 360 रूपये नगद**
- **चोरी की 02 बैट्री, कार की वायरिंग, स्टेपलाइजर, 07 वैल्डिंग नोजल, 03 वैल्डिंग मशीन आदि बरामद**

दिनांक 25.04.2026 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निधौली रोड, सेंट पॉल स्कूल के पास से 04 अभियुक्तों 1—नईम उर्फ नहीम को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर अभियुक्त 2—साहिल 3—सोहिल 4—आसिफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 91 हजार 360 रूपये नगद, चोरी की 02 बैट्री, कार की वायरिंग, स्टेपलाइजर, 07 वैल्डिंग नोजल, 03 वैल्डिंग मशीन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.04.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—नईम उर्फ नहीम निवासी पलिया थाना निधौली कला जनपद एटा।

2—साहिल निवासी महरारा दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।

3—सोहिल निवासी महरारा दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।

4—आसिफ निवासी महरारा दरवाजा थाना कोतवाली नगर जनपद एटा।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी के 01 लाख 91 हजार 360 रूपये नगद।

2—चोरी की 02 बैट्री, कार की वायरिंग, स्टेपलाइजर, 07 वैल्डिंग नोजल, 03 वैल्डिंग मशीन आदि।

**<u>जनपद बस्ती/थाना कप्तानगंज</u>**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **चोरी के 10 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 24.04.2026 को थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गढ़हा गौतम अण्डरपास के पास से अभियुक्त रौनक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली धातु के आभूषण, चोरी के 10 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी, बस्ती के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रौनक निवासी गढ़हा गौतम थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

**बरामदगी**

1—चोरी के पीली धातु के आभूषण।

2—चोरी के 10 हजार रूपये नगद आदि।

———————